तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 28 मई 2025

11 ओवरलोड डंपरों का सेफ शेल्टर, राजस्थान का तीन किमी एरिया, यह आरटीए के अधिकार क्षेत्र से बाहर



12 सीएम फ्लाइंग ने खंगाला एसडीएम ऑफिस का रिकार्ड सरल केंद्र रिकार्ड रूम में भी की घंटों छानबीन





**खबर संक्षेप**

### देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पुण्यतिथि पर किया नमन

रेवाड़ी। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस नेता महेन्द्र छाबड़ा ने समर्थकों के साथ नेहरू पार्क में श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान को याद करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता और आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और वैज्ञानिक सोच जैसे मूल्यों को भारत की नींव में स्थापित किया। उनकी नीतियों के कारण देश को बड़े बांध, विश्वविद्यालय और अनुसंधान संस्थान जैसे आधुनिक ढांचे मिले। छाबड़ा ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इस मौके पर अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

- पंडित जवाहरलाल नेहरू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता और आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री थे

## सैनिक स्कूल में वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के लिए प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# अंतरसदनीय अंग्रेजी वक्तत्व कला प्रतियोगिता में परेरा व सुब्रोतो सदन बने संयुक्त रूप से विजेता

- प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कनिष्ठ वर्ग के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टाफ, वरिष्ठ वर्ग के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में मंगलवार को अंतरसदनीय अंग्रेजी वक्तत्व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुशाहिद हुसैन टीजीटी अंग्रेजी के नेतृत्व में आयोति प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वीं से बारहवीं व कनिष्ठ वर्ग से कक्षा सातवीं व आठवीं के कैडेट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने शिरकत की तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह राठौड़, उप प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में दीपक कुमार पीजीटी अंग्रेजी केवी भेल हरिद्वार, दीपक कुमार पीजीटी अंग्रेजी विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल कुंड व नरेश कुमार जीएमएस परखोत्तमपुर मौजूद थे। प्रतियोगिता में वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के लिए अंग्रेजी वक्तृत्व के अलग-अलग बारह विषय रखे गए, जिसमें लड़ाकू भूमिकाओं में महिलाएंः बाधाओं को तोड़ना या दक्षता समझौता, पंचशील, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाम राष्ट्रीय सुरक्षा, एक विश्व की अवधारणा, लोकतंत्र, रूस-यूक्रेन युद्ध का भारत पर भू-राजनीतिक प्रभाव, एक राष्ट्र-एक चुनाव-लोकतांत्रिक दक्षता या संघवाद के लिए खतरा, साइबर अपराध, समाज पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्रभाव, भारत में धर्मनिरपेक्षता, शोरगुल भरी दुनिया में चुप्पी की कीमत व साइबर सुरक्षाः नया युद्धक्षेत्र पर चौबीस प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखे। सदनाध्यापकों ने कैडेट्स का आत्मविश्वास बढ़ाया। वरिष्ठ वर्ग में कैडेट नैंसी कक्षा दसवीं कटारी सदन ने प्रथम, कैडेट सौरिश चावला कक्षा नौंवी करियप्पा सदन ने व कैडेट सक्षम कक्षा ग्यारहवीं परेरा सदन ने द्वितीय तथा कैडेट आर्यन कुमार सिंह कक्षा बारहवीं सुब्रोतो सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कनिष्ठ वर्ग में कैडेट जिया कक्षा आठवीं परेरा सदन ने प्रथम, कैडेट सम्राट कक्षा आठवीं अर्जन सदन ने द्वितीय तथा कैडेट एंजेल नेगी कक्षा आठवींकरियप्पा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में प्रतिभागियों के संयुक्त परिणाम के आधार पर सुब्रोतो व परेरा सदन संयुक्त रूप से विजेता व कटारी सदन उपविजेता रहा, जबकि करियप्पा सदन तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्य ने विजेता कैडेट्स को पुस्तकें व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि विद्यालय पाठ्यक्रम कुछ इस तरह से तैयार किया गया है कि कैडेट्स सह-शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकें। इसके लिए समय-समय पर सह-शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाती है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करने और विभिन्न संचार कौशल को विकसित का अद्भुत तरीका हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन कि लिए प्रभारी अध्यापक, सदनाध्यक्ष, छात्र प्रभारी कैडेट उज्ज्वल प्रताप सिंह व सभी अकादमिक-प्रशासनिक कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मंच संचालन कैडेट हिमांशु व कैडेट माधवी ने किया।

## डा. दीपांशु ने डीएम परीक्षा में फर्स्ट राउंड में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


डा. दीपांशु यादव।

कोसली निवासी डा. दीपांशु यादव का दाखिला डीएम कार्डियोलॉजी में ऑल इंडिया रैंक से जनरल कैटेगरी में फर्स्ट राउंड काउंसलिंग में हुआ है। दीपांशु शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। उन्होंने एमबीबीएस वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली तथा एमडी राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल दिल्ली से की है। दीपांशु ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित डीएम परीक्षा में फर्स्ट राउंड में ही सफलता प्राप्त की है। दीपांशु के पिता अशोक यादव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल में प्राचार्य पद पर और मां स्वरूप रानी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी में प्रवक्ता पद पर कार्यरत है।

डा. दीपांशु की छोटी बहन डा. तमन्ना भी मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली से एमडी कर रही है। दीपांशु ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, बहन तथा अपने मित्रों को दिया है। इस उपलब्धि पर दादी मूर्ति देवी, प्रोफेसर विजय सिंह, एक्सईएन संजय यादव, एसीपी पवन कुमार, डा. कुलदीप सिंह, मुख्याध्यापक सुशील यादव, सीएसओ सुशील डाबर व ज्ञानेंद्र यादव ने दीपांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मानसून से पहले नालों की सफाई कराकर जल निकासी के उचित प्रबंध करें विभाग: डीसी

### डीसी ने मानसून की तैयारियों को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

- जिले में आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मानसून की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से योजनाबद्ध तरीके से मानसून के आगमन से पूर्व तैयारियां करते हुए व्यवस्था पूर्ण कदम उठाए जाएं। आमजन को मानसून के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए सभी उचित प्रबंध किए जाएं। डीसी मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर जलभराव और बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से प्रदेश भर के जिला उपायुक्तों को मानसून से पूर्व नालों की सफाई व जल निकासी प्रबंधन करने को लेकर अपडेट रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत डीसी ने कहा कि जिले में जल प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है, ऐसे में विभागीय अधिकारी पूरी संजीदगी के साथ सतर्कता का परिचय देते हुए जल निकासी प्रबंधन करें। उन्होंने उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर जल निकासी कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए, जहां हर वर्ष जलभराव की समस्या सामने आती है। डीसी ने कहा कि जिस क्षेत्र में जलभराव की समस्या आती है, वहां विशेष रूप से नालों की सफाई व्यवस्था, जल निकासी और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जाए। बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी के लिए चैंबर निर्माण कार्य करने और नालों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत विभागवार कार्य योजना तैयार की गई है। जिले में आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर निगरानी करें और आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन को सूचित करे। बैठक में डीएमसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, एसडीएम कोसली विजय कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल व सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षक अभियंता एके रघुवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। शनिदेव मंदिर में आयोजित जागरण में भजन प्रस्तुत करते भजन गायक।

## कोसली में शनि जयंती पर हवन व भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में शनि जयंती के अवसर पर सोमवार रात्रि को जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में भारद्वाज एंड पार्टी व भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं ने संगीतमय भजन-कीर्तन के माध्यम से शनिदेव की महिमा का गुणगान किया। मंगलवार प्रातः हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कोसली गांव तथा आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रामचन्द्र शास्त्री ने हवन संपन्न कराया। कोसली मठ के महंत शिवपुरी, शिव मंदिर के महंत रविंद्रदास और बलखंडी के संतुनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में महेश चन्द्र, सुमेर, बीरेन्द्र, रिंकू कोसलिया, ओमप्रकाश डाबला, बिट्टू, कमल, हरिओम, धीरज, मोनू, हर्ष, अंकित व मयंक सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पब्लिक हेल्थ व शहरी आजीविका मिशन संयुक्त रूप से चलाएंगे पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। जन स्वास्थ्य विभाग के लिसाना स्थित जल शोधन प्लांट का दौरा करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

भारत सरकार के शहरी आवास एवं विकास मंत्रालय एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विभाग के मल शोधन संयंत्र एवं जल शोधन संयंत्र के परिसरों को हराभरा किया जाएगा। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभियान की विधिवत शुरूआत की जाएगी और यह अभियान 31 अगस्त तक चलया जाएगा। अभियान को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पौधारोपण परिसरों का दौरा कराया गया।

अभियान के तहत गांव लिसाना स्थित जल शोधन संयंत्र, धारूहेड़ा के मल शोधन संयंत्र एवं बावल के जल शोधन संयंत्र व मल शोधन संयंत्र परिसरों में करीब 1200 पौधे लगाए जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि विभाग की ओर से अभियान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किया जाएगा। विभाग स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सहायता से इन परिसरों को हराभरा करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं होगा, बल्कि इस अभियान को और सारगर्भिता देते हुए मां के प्रेम के प्रतीक व एक उत्सव के रूप को मनाया जाएगा।



### आईजीयू में भावी योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने मंगलवार को सभी विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं के साथ बैठक की। वीसी ने विश्वविद्यालय में विकास की भावी योजनाओं को तैयार करने और इनके क्रियान्वन पर विस्तार से चर्चा की। कुलपति ने सभी शैक्षणिक विभागों में विद्यार्थियों के कौशल विकास करने और उन्हें आधुनिक समय की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिस्पर्धी रूप से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो नए पाठ्यक्रम भी लागू किए जाएं, लेकिन इस संबंध में विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर एवं संसाधनों को भी ध्यान में रखा जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग, रसायन विज्ञान विभाग एवं गणित विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों में भी विभिन्न एजुकेशन कोर्सेज फिजिकल एजुकेशन एवं अंडर ग्रेजुएट शिक्षा के कोर्सेज आरंभ करने एवं पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को सभी प्रकार की संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। वीसी ने आगामी समय में विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन एवं ग्रेडिंग के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारी के लिए भी निर्देश दिए गए। इस संबंध में विभागाध्यक्षों एवं अधिष्ठाताओं ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखें।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में 16 से 19 जून के मध्य योग संगोष्ठी का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


योग दिवस को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

आगामी 21 जून को जिला व खंड स्तर पर मनाये जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए जिले में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को डीसी ने योग दिवस को लेकर बैठक में अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप योग प्रशिक्षण लेने के लिए निर्देश दिए। डीसी अभिषेक ने बताया कि योग दिवस के आयोजन के लिए आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ व आयुष योग सहायक, योग समितियों के योग शिक्षक तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राव तुलाराम स्टेडियम में चल रहा है, जिसमें प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीई को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं 28 से 30 मई तक जिले के सभी स्कूलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक गांव में 9 जून से 15 जून के मध्य योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। 12 जून से 14 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले तथा ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंच, पंच, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट गाइड एवं इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 16 जून से 18 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट गाइड व नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शत प्रतिशत रहा प्रथम इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट

रेवाड़ी। प्रथम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। स्कूल के सभी प्रतिभागी छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। परीक्षा में छात्रा उज्जवला ने रीजनिंग विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उज्जवला और अंश मान ने 259 अंक लाकर प्रथम ग्रुप ऑफ स्कूल्स रेवाडी व महेंद्रगढ़ में पहला स्थान हासिल किया। इनके अलावा इशिता, इशिका आरवी खुशवाहा, मीनू, रचना, सम्राट, दीपांशु, अखिलेश, अनिकेश, जिया व प्राजन्य ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए परीक्षा को क्वालिफाई किया है। स्कूल की प्रिंसिपल कृष्णा यादव और डायरेक्टर उत्तम सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी।



रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में चयनित विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

### कैलाश बने सुंदरोज स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष

रेवाड़ी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में एसएमसी के पुनर्गठन के लिए सांझी सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय मुखिया कांता देवी की अध्यक्षता में आयोजित सभा में ग्राम सभा प्रमुख के साथ पंचायत सदस्यों, बच्चों के माता-पिता, सामाजिक कार्यकर्ता, गांव के प्रबुद्धजनों, विद्यालय स्टाफ के सदस्यों व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय मुखिया कांता देवी ने समग्र शिक्षा के तहत प्राप्त अनुदान राशि के आय-व्यय का ब्योरा पेश किया तथा विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से कैलाश कुमार को एसएमसी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुख्य अध्यापिका ने नव गठित एसएमसी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित शिक्षक व ग्रामीण।

### बोड़िया कमालपुर में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन आज

रेवाड़ी। आमजन को उनके घर द्वार पहुंचकर सरकार की जनहितकारी नीतियों का लाभ पहुंचाने के साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के गांव बोड़िया कमालपुर में 28 मई को मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बोड़यि कमालपुर में मेगा सर्विस कैंप की तैयारियों का जायजा लिया। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि जिले के सभी विभागों की संयुक्त भागीदारी के साथ पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में मेगा सर्विस कैंप का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन गुरविंद्र सिंह वधवा डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में करेंगे। सीजेएम वर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित कैंप में आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

**सूचना**

मैं, कान्ता धर्मपत्नी स्व. श्री राय सिंह निवासी ग्राम आसिया की गोरावास तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र नवीन व मेरे पुत्र विनोद की पत्नी यानि मेरी पुत्रवधु वन्दना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजबीर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी मकान नं. 44, गांव केशोपुर तहसील बावल व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री तमन्ना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, वीना रानी पत्नी सत्या प्रकाश निवासी समीप विवेकानन्द स्कूल, साल्हावास रोड़ रेलवे स्टेशन कोसली तहसील कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा सगा लडका नितिन पुत्र सत्या प्रकाश व पुत्रवधु दिक्षा पत्नी नितिन मेरे कहने व सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने लडके व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से से कोई वास्ता नहीं रहेगा। इनसे कोई लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैं, प्रदीप डागर पुत्र विजय पाल डागर निवासी गांव लिलोढ़ तहसील कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी 10वीं की मार्कशीट में मेरा नाम प्रदीप कुमार डागर है। लेकिन मेरा सही नाम प्रदीप डागर है जो कि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है। प्रदीप कुमार डागर और प्रदीप डागर दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं। मैं अपना नाम प्रदीप कुमार डागर से बदलकर प्रदीप डागर करना चाहता हूं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मेरा नाम प्रदीप डागर रहेगा।

### नौतपा के तीसरे दिन रंग में आने लगी गर्मी, सप्ताह के अंत में बरसात के आसार

# पारा चढ़ने से उमस भरी गर्मी का प्रकोप, कल से बदलाव की संभावना

- बिजली की मांग बढ़ने के कारण पावर कट भी लगने शुरू हो गए
- मौसम विभाग के अनुसार 28 मई को भी मौसम साफ रह सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मंगलवार को तेज धूप से बचाव करते जाते बाइक सवार।

गत 24 मई की रात तेज आंधी और बरसात के बाद गिरे तापमान में एक बार फिर से उछाल आना शुरू हो गया है। नौतपा के तीसरे दिन उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। बिजली की मांग बढ़ने के कारण पावर कट भी लगने शुरू हो गए हैं। बुधवार को तापमान में और वृद्धि हो सकती है, लेकिन इसके बाद मौसम में बदलाव से तापमान गिर सकता है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान लगातार दूसरे दिन भी बढ़ गया। यह 3.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 36.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 5.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी तक रहने व हवा की गति 8 किमी प्रति घंटा से भी कम होने के कारण वातावरण में उमस बन गई। उमस के कारण दिन भर लोगों के पसीने छूटते रहे। कूलरों की हवा ने भी उमस में काम नहीं किया। लोग शाम तक पसीने में भीगते रहे। बारिश के बाद एक बार मौसम ठंडा पड़ गया था, लेकिन अब गर्मी ने फिर से परेशान करना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई को भी मौसम साफ रह सकता है। इसके बाद आसमान में बादल छाने व बूंदाबांदी की संभावना रहेगी। सप्ताह के अंत में बरसात भी हो सकती है। नौतपा के दिनों में तापमान ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है, जिससे अपेक्षाकृत गर्मी नहीं पड़ेगी।

**बिजली की मांग बढ़ने से पावर कट बढ़े**

बारिश के बाद बिजली की खपत में लगभग 30 लाख यूनिट तक की कमी आ गई थी। कई एरिया मेंकृषि क्षेत्र के फीडर दो दिन तक चालू नहीं हो सके थे, जिस कारण बिजली की खपत भी कम हो गई थी। अब लगभग सभी फीडरों को चालू कर दिया गया है, जिससे बिजली का लोड बढ़ना शुरू हो गया है। लोढ बढ़ने के कारण मंगलवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पावर कट लगते रहे।

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025

तापमान
अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

11 अंतरसदनीय अंग्रेजी वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में परेरा व सुब्रोतो सदन बने संयुक्त रूप से विजेता



12 शहरी निकाय मंत्री की फटकार का एक दिन में असर आज से होगी नालों की सफाई



### खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ा ट्रक चोरी

**बावल।** साबन रोड पर एक ट्रांसपोर्ट के ऑफिस के बाहर खड़ा ट्रक चोरी हो गया। पुलिस शिकायत में राजस्थान के हाडाहेड़ी निवासी नरेंद्र यादव ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। साबन रोड पर ऑफिस बनाया हुआ है। एक ट्रक ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ा किया था। सुबह ट्रक वहां नहीं मिला। काफी पूछताछ करने के बाद भी ट्रक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद ट्रक की तलाश शुरू कर दी।

### दस दिन बाद कार चालक पर केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** फ्लाईओवर के पास सर्विस लेन पर हुए सड़क हादसे के दस दिन बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में सैय्यद कॉलोनी निवासी बिरेंद्र ने बताया कि वह 16 मई को बाइक से अपने बेटे के साथ कंपनी जा रहा था। छोटी पुलिया से निकलते ही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों के साथ समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग कराई गई।

## चेकिंग शुरू होते ही डंपरों को रोका जाता है राजस्थान में

# ओवरलोड डंपरों का सेफ शेल्टर, राजस्थान का तीन किमी एरिया, यह आरटीए के अधिकार क्षेत्र से बाहर

■ चंद मिनटों में खड़े हो जाते हैं बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। राजस्थान की सीमा में टोल प्लाजा के पास खड़े बड़ी संख्या में डंपर। फोटो :हरिभूमि

जैसलमेर नेशनल हाइवे नं. 11 पर नारनौल और रेवाड़ी के बीच लगभग तीन किलोमीटर का एरिया ऐसा है, जो राजस्थान के अधीन आता है। सड़क के दोनों ओर राजस्थान के गांव हैं। इस एनएच से बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर निकलते हैं। जब भी चेकिंग शुरू होती है, तो यह एरिया डंपर चालकों के लिए सेफ शेल्टर बन जाता है। आरटीए की कार्रवाई से बचने के लिए डंपर चालक दर्जनों डंपरों को राजस्थान में पड़ने वाले इसी एरिया में खड़ा कर देते हैं, जहां हरियाणा के अथॉरिटी को कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। आए दिन काठूवास टोल प्लाजा के पास 200 से अधिक डंपरों का जमावड़ा रहता है, जिससे हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

राजस्थान से रोजाना सैकड़ों की संख्या में डंपर जैसलमेर नेशनल हाइवे से दिल्ली, गुरूग्राम, झज्जर, बहादुरगढ़ व फरीदाबाद की ओर निकलते हैं। इन डंपरों में भवन निर्माण सामग्री क्रैशर, रोड़ियां व डस्ट आदि होते हैं। इनमें से अधिकांश डंपर क्षमता से दो से तीन गुणा ज्यादा माल लेकर चलते हैं। ओवरलोड डंपरों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार आरटीए सचिव स्टाफ के हाथों में होता है। जब भी आरटीए के टीम चेकिंग के लिए सड़क पर उतरती है, ओवरलोड डंपरों को काठूवास टोल प्लाजा के पास राजस्थान की सीमा में रो दिया जाता है। जैसलमेर हाइवे का टोल प्लाजा भी राजस्थान की सीमा में बना हुआ है। टोल प्लाजा से महज 300 मीटर की दूरी पर रेवाड़ी की सीमा शुरू हो जाती है। नारनौल की ओर हाइवे पर करीब 3 किमी एरिया राजस्थान की सीमा में आता है। चेकिंग की सूचना मिलते ही ओवरलोड डंपरों को राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया जाता है। आरटीए टीमों को दूसरे राज्य की सीमा में जाकर कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है, जिसका फायदा इन डंपरों चालकों को आसानी से मिल रहा है।

### सूचना लीक करने वाला गिरोह सक्रिय

दिल्ली-जयपुर और रेवाड़ी-जैसलमेर दो नेशनल हाइवे ऐसे हैं, जिन पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड डंपर दौड़ते हैं। इन डंपरों तक आरटीए टीमों की लोकेशन भेजने वाला गिरोह पूरी तरह एक्टिव है। जैसे ही आरटीए की टीम सड़क पर उतरती है, ओवरलोड डंपर सड़क से गायब हो जाते हैं। चेकिंग के समय सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की संख्या कम हो जाती है, जिससे बड़े स्तर पर कार्रवाई करना मुमकिन नहीं होता। चेकिंग बंद होने के कुछ समय बाद ही ओवरलोड वाहन फिर से फर्राटा भरने लगते हैं।

### राजस्थान की सीमा सबसे ज्यादा सुरक्षित

आरटीए टीमों की चेकिंग के दौरान दोनों नेशनल हाइवे पर राजस्थान की सीमा का एरिया सबसे सुरक्षित साबित हो रहा है। जयपुर हाइवे पर चेकिंग शुरू होते ही वाहन जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर राजस्थान की ओर रोक दिए जाते हैं। इससे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ओवरलोड डंपरों का जमावड़ा हो जाता है। शाम के समय हाइवे पर जाम जैसे हालात बन जाते हैं, जिस कारण अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्री वाहनों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### राजस्थान अथॉरिटी को ही अधिकार

राजस्थान की सीमा में ओवरलोड वाहनों पर एक्शन लेने का अधिकार वहां की अथॉरिटी के पास ही है। हमारी चेकिंग टीमों को हरियाणा में ही चेकिंग का अधिकार है। यही कारण है कि चेकिंग शुरू करने के बाद डंपर चालक राजस्थान की सीमा में वाहनों को रोक देते हैं। हमारी टीमें ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं, जिनसे लाखों रुपये जुर्माना वसूला जाता है। -सुरेंद्र सिंह, सचिव, आरटीए।

### राजस्थान अथॉरिटी से मिल रही छूट

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर काठूवास टोल प्लाजा के पास खड़े होने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एक्शन लेने का अधिकार राजस्थान की अथॉरिटी को ही है। हाइवे पर महज तीन किलोमीटर का एरिया होने व कोटपुतली-बहरोड जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर होने के कारण वहां की अथॉरिटी के अधिकारी इस ओर नहीं पहुंच पाते, यह ओवरलोडिंग का सबसे सुरक्षित ठिकाना बन गया है। प्लाजा के पास डंपरों की भीड़ हादसों का कारण भी बन सकती है।

### सीहा में भव्य संत सम्मेलन व भंडारा 4 जून को

**डहीना।** गांव सीहा के बाबा रामस्वरूपदास आश्रम में आगामी 4 जून को ब्रह्मलीन महंत बाबा भगवानदास महाराज और ब्रह्मलीन महंत बाबा प्रेमदास महाराज की स्मृति में भव्य संत सम्मेलन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दादू पीठाधीश्वर आचार्य ओमप्रकाश दास महाराज करेंगे। संत सम्मेलन में दादूपंथी समाज व उतराधा मंडल के सभी महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत, संत, विरक्त, तपस्वी व भक्तजन भाग लेंगे। आश्रम के महंत नरोत्तमदास महाराज ने बताया कि 1 जून से दादूवाणी के अखंड पाठ शुरू होंगे।

### ट्रॉला चालक के खिलाफ दर्ज किया केस

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर गलत लेन में ओवरस्पीड वाहन चलाने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान एक ट्रॉला नारनौल की ओर तेज गति से आ रहा था। वह गलत लेन में चल रहा था, जिस कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी। ट्रॉला रुकवाकर चालक को नाम पूछा तो उसने झज्जर के गोइला निवासी कृष्ण बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रॉला भी कुंड चौकी में इंपाउंड कर दिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रणबीर हुड्डा चौक के पास एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में विशाल ने बताया कि अस्पताल में उसका ताऊ उपचाराधीन है। वह अपने ताऊ से मिलने के लिए अस्पताल आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद रात को वह अपने ताऊ के पास ही अस्पताल में रुक गया।

### अवैध शराब बेचने के मामले में दूसरा काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने 14 मई को बालावास अहीर में पकड़ी गई अवैध शराब मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुतुबपुर में रहने वाले बिहार के बरियापुर निवासी मोहम्मेद रियाज को बालावास बस स्टैंड के पास एक ढाबे के पीछे शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।



## नगरपालिका की सुस्ती के कारण लंबे समय से गंदगी से अटे पड़े हैं कस्बे के नाले

# शहरी निकाय मंत्री की फटकार का एक दिन में असर, आज से होगी नालों की सफाई

**खास बातें**

- शहर के गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले लंबे समय से पूरी तरह से कीचड़ एवं गंदगी से लबालब हैं
- हल्की बरसात में ही शहर की सड़के जलमग्न हो जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल की फटकार के बाद मंगलवार को नगरपालिका धारूहेड़ा ने कस्बे के नालों की सफाई के लिए ठेका दे दिया है। शहर के गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले लंबे समय से पूरी तरह से कीचड़ एवं गंदगी से लबालब हैं, जिसकी वजह से कस्बे के गंदे पानी की निकासी सही तरह से नहीं हो रही है। हल्की बरसात में ही शहर की सड़के जलमग्न हो जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अगर नालों की जल्द सफाई नहीं की गई तो आगामी माह में मानसून आने पर लोगों को जगह-जगह जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा।

**प्रति वर्ष लाखों खर्च, लेकिन सफाई न के बराबर :** नपा के अधिकारियों ने एक वर्ष पूर्व नालों की सफाई कराई थी, लेकिन सफाई के नाम पर खानापूर्ति करके पैसा बर्बाद कर दिया गया। कस्बे में हल्की वर्षा होने से ही जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे कस्बावासियों के साथ-साथ आसपास के गावों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली व नंदरामपुर बास मार्ग पर तो जलभराव से पैदल चलना भी दूर्भर हो जाता है।

मानसून से पूर्व प्रत्येक वर्ष नगरपालिका की ओर से नालों की सफाई कराने के लिए लाखों रुपये का टेंडर छोड़ा जाता है, लेकिन नालों की सफाई सही तरह से नहीं होती और ठेका लेने वाली एजेंसी को भुगतान कर दिया जाता हैं, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। सफाई कराने के नाम पर नगरपालिका की ओर सेकरोड़ों रुपया पानी की तरह से बहाया जा रहा है, लेकिन परिणाम शून्य नजर आ रहा है। सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के पार्षद एवं नपा के अधिकारी तक रुचि नहीं ले रहे हैं।


रेवाड़ी। गंदगी से भरा हुआ धारूहेड़ा का नाला। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। गंदगी से भरा हुआ धारूहेड़ा का नाला। फोटो : हरिभूमि

**कचरे की सफाई का है अलग से टेंडर**

कस्बे के गंदे पानी की निकासी के लिए कई वर्षों पूर्व नालों का निर्माण कराया था, जिसमें दिल्ली मार्ग, नंदरामपुर बास मार्ग,सोहना-पलवल-रेवाड़ी राजमार्ग, बिजली निगम कार्यालय रोड व पशु अस्पताल के साथ नाले बनाए गए थे,लेकिन सफाई के अभाव में सभी नाले गंदगी और कीचड़ से भरे हुए हैं। नगरपालिका ने कस्बे की सफाई कराने के लिए करीब 130 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से लगाया हुआ है। नपा ने कचरे की सफाई कराने के लिए टेंडर अलग से छोड़ा हुआ है, लेकिन कस्बे के अधिकांश नाले व नालियां गंदगी और पॉलीथिन से सरोबार हैं।

**20 दिन में पूरी होगी नालों की सफाई**



आगामी मानसून को देखते हुए कस्बे के सभी मार्गों के नालों की सफाई 20 दिन में पूरी करा दी जाएगी, जिसके लिए ठेका दे दिया गया है। बुधवार से नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा ताकि बरसात से कस्बे में जलभराव की स्थिति न बने। नालों की सफाई होने से लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। - **कंवर सिंह,** नपा चेयरमैन धारूहेड़ा।

**खबर संक्षेप**



## नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कमालपुर निवासी ईश्वर नशीले पदार्थ की बिक्री का धंधा करता है। वह नाईवाली चौक से बस स्टैंड की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बस स्टैंड के सामने नाकेबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक युवक पुलिस को देखकर वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ईश्वर बताया। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 46.80 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

## बोलेरो से भारी मात्रा में शराब बरामद दो आरोपियों को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मालपुरा फ्लाईओवर के पास शराब ले जा रही एक बोलेरो गाड़ी पकड़कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गाड़ी को शराब सहित कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि महेश्वरी की निरंजन कॉलोनी में रहने वाले मूल रूप से पोड़ी गढ़वाल के नीसनी निवासी कर्ण रावत और राजस्थान के भिवाड़ी की आलुपुर की ढाणी निवासी नरेंद्र बोलेरो गाड़ी में शराब भरकर कापड़ीवास के रास्ते भिवाड़ी की ओर जाएंगे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर मालपुरा फ्लाईओवर के पास नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी का चालक तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए वहां आया। रुकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी को तेज गति से भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने गाड़ी आगे लगाकर बोलेरो को रुकवा लिया। गाड़ी को नरेंद्र चला रहा था, जबकि कर्ण रावत बगल की सीट पर बैठा हुआ था।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में शराब के तस्कर।

**खास बातें**

- सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर मालपुरा फ्लाईओवर के पास नाकेबंदी कर दी
- गाड़ी को नरेंद्र चला रहा था, जबकि कर्ण रावत बगल की सीट पर बैठा हुआ था।

**तलाशी में देशी शराब व बीयर हुई बरामद**

तलाशी लेने पर गाड़ी से 10 पेटी पव्वा देशी मार्का रसीला संतरा, 8 पेटी अध्धा देशी मार्का रसीला संतरा, 2 पेटी बोतल मार्का देशी रसीला संतरा व 10 पेटी बीयर बरामद हुई। पूछताछ करने पर दोनों शराब का परमिट पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही काबू करते हुए गाड़ी व शराब को कब्जे में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि राजस्थान में शराब के दाम ज्यादा होने के कारण वह वहां ले जाकर शराब बेचने की फिराक में थे।

पुलिस मौके पर पहुंची तो मारपीट करने वाले लोग वहां से फरार हो गए

## जमीनी विवाद में दंपति व श्रमिकों से मारपीट, 8 लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सांपली में जमीनी विवाद के चलते दंपति व श्रमिकों से मारपीट करने के आरोप में कसोला पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटना की वीडियो वायरल होने के बाद महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जांच की जा रही है। पुलिस शिकायत में सांपली निवासी कैलाश देवी ने बताया कि उसके पति के हिस्से में जो जमीन आती है, उस पर वह ईंधन डालते हैं। इसी जमीन के एक हिस्से पर उसके जेठ चिरंजीलाल ने भी ईंधन डाला हुआ है। अब उसका पति सुभाष अपनी जमीन चारदीवारी बनवा रहा है। वह और उसका पति बेटी व दामाद के साथ प्लॉट में गए हुए थे। उसने आरोप लगाया कि उसके जेठ के परिवार के 8 सदस्यों ने उनके व चारदीवारी बनाने वाले श्रमिकों के साथ बेरहमी से मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने घटना का वीडियो भी बना लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो मारपीट करने वाले लोग वहां से फरार हो गए।

**वायरल होने के बाद दर्ज किया केस**

पुलिस के अनुसार मारपीट की घटना का वीडियो वायरल हो गया, जिसके आधार पर पुलिस ने कैलाश देवी के बयान दर्ज किए। कैलाश देवी के अनुसार कृषि कार्य के दौरान उसके पति का एक हाथ कट गया था। दिव्यांग होने के बावजूद उसके पति व अन्य लोगों को निर्ममता से पीटा गया है। पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत केस दर्ज किया है। वहीं झगड़े में दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आने की सूचना है, परंतु उनके बयान दर्ज नहीं होने से केस दर्ज नहीं किया गया था।

## इनसो ने आईजीयू मीरपुर के नए वीसी का किया स्वागत

**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के राष्ट्रीय महासचिव सतेन्द्र झाबुआ व राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र लांबा ने मंगलवार को सदस्यों के साथ इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर के नवनियुक्त वाइस चांसलर प्रोफेसर असीम मिगलानी का पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर इनसो के छात्र नेताओं ने वाइस चांसलर से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय के रुके हुए कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को उचित सुविधा मिल सकें। वाइस चांसलर मिगलानी ने विश्वविद्यालय के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जोनी बिदावास, अजय यादव, विक्की चहल, योगेश व आजाद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।


रेवाड़ी। आईजीयू के नए वीसी को पौधा भेंट करते इनसो के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### चंडीगढ़ शिकायत पहुंचने पर टूटी विभाग की सुस्ती

## चंद घंटों में हुआ समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव खरखड़ा की मुख्य फिरनी में जर्जर नालियों और लोहे के जाल टूटने से ग्रामीणों को एक वर्ष से परेशानी उठानी पड़ रही थी। प्रशासन की अनदेखी के कारण समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। ग्रामीणों की ओर से बीडीपीओ धारूहेड़ा व अन्य अधिकारियों को लगातार अवगत कराने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। वार्ड के पंच ने बताया कि उन्होंने कई बार सरपंच को भी इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार उनकी बात को नजरअंदाज किया गया। जर्जर नालियों व टूटी जाली के कारण कई बच्चे व महिलाएं भी चोटिल हो चुकी थी। समस्या को लेकर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश खरखड़ा ने हरियाणा सरकार के आयुक्त एवं सचिव निदेशक अमित अग्रवाल को अवगत कराया। शिकायत मिलने के बाद आयुक्त ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, कुछ ही घंटे बाद ही पंचायत विभाग की सुस्ती टूट गई और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जर्जर नालियों को ठीक करके जाली लगाने का काम शुरू कर दिया।

- गांव खरखड़ा में एक वर्ष से जर्जर नालियों और लोहे के जाल से बने गड्ढों से ग्रामीणों को हो रही थी परेशानी


रेवाड़ी। गांव खरखड़ा में जर्जर नाली व टूटी जाली तथा इनसेट में शिकायत के बाद नाली पर नई जाली लगाते कर्मचारी।

**सनग्लो स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का हुआ चयन**

**रेवाड़ी।** नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अधिकारी वीएम सिंह के आदेशानुसार सूबेदार हनुमान राय शौर्य चक्र तथा हवलदार तेजराम ने स्कूल के एनसीसी अधिकारी रामशरण के साथ नए सत्र के लिए कैडेट्स का चयन किया। चयन प्रक्रिया में कक्षा आठवीं, नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीम ने छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न चरणों का आयोजन किया, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा और पीटी कराई गई। इसके बाद सामान्य ज्ञान और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को परखने के लिए लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। विद्यालय के अध्यक्ष डा. वीपी यादव, निदेशिका शारदा यादव और प्रधानाचार्या गरिमा यादव ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सेवा की भावना विकसित करने का एक बेहतरीन मंच है। उन्होंने कमांडर अधिकारी वीएम सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की तथा एनसीसी में चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।


रेवाड़ी। स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## एटीएम बदलकर ठगी के अंतर्जिला गिरोह का सरगना काबू, तीन मामलों में घोषित हो चुका पीओ


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का सरगना साजिद उर्फ सज्जी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

थाना धारूहेड़ा पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर विभिन्न जिलों में ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों के थानों में लगभग 20 केस दर्ज हैं, जिनमें से तीन मामलों में वह पीओ घोषित किया जा चुका है। उसकी गैंग के दो सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। संतोष कालोनी बास रोड धारूहेड़ा निवासी मनोज कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि दिनांक 30 अगस्त 2019 को वह धारूहेड़ा के भगत सिंह चौक स्थित पजांब नेशनल बैंक के एटीएम में पैसे निकालने के लिए गया था। जब वह पैसे निकालने लगा तो एटीएम में खड़े एक युवक ने पैसे निकालने में मदद की पेशकश की। इसके बाद आरोपी ने उससे पिन नंबर भी ले लिए और कार्ड लगाकर कहा कि अभी मशीन काम नहीं कर रही है। इस दौरान आरोपी ने उनका कार्ड बदल लिया और उसे दूसरा कार्ड दे दिया। कुछ समय बाद उसके मोबाइल पर पैसे निकलने का मैसेज आया, जिसमें आरोपी ने उसके खाते से 5 बार में 43 हजार रुपये निकाल लिए। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने उसकी शिकायत पर ठगी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने तौफिक खान व भूरा उर्फ हिम्मत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। गिरोह के मुख्य सरगना जिला पलवल के गांव उटावड निवासी साजिद उर्फ सज्जी को अब काबू किया गया है।

**इन पुलिस थानों में दर्ज हैं मामले**

डीएसपी रविंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी साजिद उर्फ सज्जी के खिलाफ पहले भी थाना धारूहेड़ा में 2, सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना में पांच और रोहड़ाई थाने में एक मामला दर्ज है। उसके खिलाफ गुरुग्राम के थाना सदर, सेक्टर-18, सेक्टर-50, जिला नूंह के थाना सदर, पुन्हाना व जिला पलवल के थाना बहिन में पशु क्रूरता अधिनियम, हत्या के प्रयास व ठगी के 20 मामले दर्ज हैं। धारूहेड़ा थाने के तीन मामलों में वह पीओ घोषित किया हुआ है।

**बुजुर्गों व भोले को बनाया शिकार**

डीएसपी के अनुसार पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी एटीएम बूथों पर पैसे निकलवाने के लिए आने वाले बुजुर्ग व भोलेभाले लोगों को पैसे निकलवाने में मदद करने के बहाने कार्ड बदल देता था। इस दौरान व एटीएम के पिन नंबर भी पूछ लेता था। इसके बाद एटीएम बूथों से पैसा निकाल लेता था। पुलिस ने मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया है।


कलायत। गांव कोयल में रक्तदाताओं को सम्मानित करते संपूर्ण कोयल व गणमान्य लोग।

## बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खोरी

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी में मंगलवार को प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश यादव की अध्यक्षता व समाजसेवी दिनेश यादव टींट के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पांच दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मेरिट पाने वाले 49 और दसवीं के 11 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। स्कूल के टॉपर विद्यार्थी किरण, मुस्कान, आकांक्षा, महक, कोमल व नितिन को विशेष रूप से सम्मानित किया। अजीत नंबरदार ने मंच संचालन किया। इस मौके पर दिनेश यादव टींट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं मंच प्रदान करने के लिए शिक्षकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा। प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सहित सभी शिक्षक, विद्यार्थी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मसानी में छह अवैध निर्माणों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी की ओर से अवैध निर्माणों व कॉलोनियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से रेवाड़ी से धारूहेड़ा रोड पर मसानी की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित किए गए निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ गांव मसानी में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने 6 अवैध निर्माणों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका।

**डीलरों में चंगुल में न फंसे लोग: डीटीपी**

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों की सूची तैयार की गई है। अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है, जिसके बाद उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।



रेवाड़ी। मसानी में अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी।

**औचक निरीक्षण** फ्लाइंग की दस्तक के बाद कर्मचारियों में मची रही खलबली

## सीएम फ्लाइंग ने खंगाला एसडीएम ऑफिस का रिकार्ड सरल केंद्र रिकार्ड रूम में भी की घंटों छानबीन

- सीएम फ्लाइंग ने कुछ जरूरी फाइलों को कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार सुबह एसडीएम ऑफिस के कर्मचारियों में उस समय खलबली मच गई, जब सीएम फ्लाइंग टीम ने एसडीएम के अधीन आने वाले सरल केंद्र और रिकार्ड रूम में दस्तक देकर रिकार्ड खंगालना शुरू कर दिया। सीएम फ्लाइंग ने कुछ जरूरी फाइलों को भी कब्जे में लिया है। जांच के दौरान टीम ने कर्मचारियों से पूछताछ भी की। लगभग पांच घंटे तक रिकार्ड की जांच के बाद रिपोर्ट तैयार करते हुए उसे मुख्यालय को भेजने की तैयारी कर दी गई।

सरल केंद्र एसडीएम के अधीन आता है, जिसमें वाहन चालक लाइसेंस और लाइट व्हीकल्स की पंजीकरण सर्टिफिकेट तैयार होती हैं। सीएम फ्लाइंग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इनकी फाइलें जमा कराने में दलालों की भूमिका होती है, जिससे अनियमितताएं बरतें जाने की शिकायतें मिल रही थीं। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सतेंद्र सिंह टीम के साथ सुबह एसडीएम आफिस के साथ बने सरल केंद्र पर पहुंचे। यहां कर्मचारियों से रिकार्ड से संबंधित पूछताछ की। इसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम तीसरी मंजिल पर स्थित एसडीएम आफिस के रिकार्ड रूम में पहुंची। यहां करीब साढ़े चार घंटे तक सीएम फ्लाइंग ने फाइलों व रजिस्टरों की जांच की।


रेवाड़ी। सचिवालय में रिकार्ड की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम। *फोटो : हरिभूमि*

**सीएम विंडो की फाइलों को लेकर भी पूछताछ**

सूत्रों के अनुसार सरल केंद्र से ही सीएम विंडो की शिकायतें भी दर्ज कराई जाती हैं। इन्हें समय पर सीएमओ भिजवाने में देरी की शिकायतें भी मिल रही थीं। सीएम फ्लाइंग की ओर से पूरे रिकार्ड की घंटों तक जांच की। इससे पूर्व सीएम फ्लाइंग की ओर से सरल केंद्र को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को भेजी गई थी, जिसके बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। फ्लाइंग की ओर से तैयार रिपोर्ट को मुख्यालय भेजने की तैयारी मौके पर ही शुरू की गई। इस दौरान एसडीएम ऑफिस के स्टाफ में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।